# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990

**www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com** **(GST- 22JBPS02579D1D2)**


क्रमांक / 4647 / जीडीसी / क्रय / 2025 रायपुर, दिनांक 21/11/2025

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क संचालनालय,
रायपुर (छ.ग.)

**विषयः—** **निविदा सूचना प्रकाशन करने बाबत्।**

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में **सफाई कार्य** संचालन हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा/बिड क्रमांक **GEM/2025/B/6916425, Date- 21.11.2025** आमंत्रित की गई है, जिसमें निविदा भरे जाने की अंतिम तिथि 05/01/2025, दोपहर 12.00 बजे तक निर्धारित है। अतः निविदा सूचना की प्रति प्रकाशन हेतु आपकी ओर भेजी जा रही है। कृपया इसे प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित 03 समाचार पत्रों में एवं राष्ट्रीय स्तर के 02 समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

**संलग्नः—उपरोक्तानुसार ।**

**प्राचार्य**
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर
21/11/25

D:\Purchase 25-26\Safai Suraksha Tender 2025\House keeping Notsheet 2025 (Gem).doc

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990
www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com (GST- 22JBPS02579D1D2)

क्रमांक / 4647 / जीडीसी / क्रय / 2025 रायपुर, दिनांक 21/11/2025

## सफाई कार्य संचालन हेतु जेम पोर्टल पर निविदा / बिड आमंत्रण सूचना
## जेम बिड कमांक – GEM/2025/B/6916425, Date- 21.11.2025

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये **सफाई कार्य** संचालन हेतु जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से निविदा (तकनीकि / वित्तीय बिड अलग–अलग) आंमत्रित किया गया है उपरोक्तानुसार बिड प्रपत्र जेम पोर्टल **www.gem.gov.in** पर **दिनांक 21 / 11 / 2025 से** दिनांक **05 / 01 / 2026, दोपहर 12 बजे तक** अपलोड किये जा सकते है।

बिड प्रपत्र में अंकित विवरण निविदा सूचना का अंश माना जावेगा और बिना किसी कारण बताये बिड निरस्त / संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

अतः इच्छुक निविदाकार निर्धारित तिथि तक **जेम पोर्टल के माध्यम से** निविदा / बिड भर सकते है। निविदा नियम एवं शर्ते जेम पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है।

**GEM BID :- GEM/2025/B/6916425**
**DATE:- 21/11/2025**

21/11/2025
**प्राचार्य**
**शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**

# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990

www.govtdentalcollegeraipur.in / Email-govdentalcollege@gmail.com (GST- 22JBPS02579D1D2)


क्रमांक/4647 /जीडीसी/कय/2025 रायपुर, दिनांक 21/11/2025

**//जेम पोर्टल के माध्यम से सफाई सेवाऐं हेतु आमंत्रित निविदा के अंतर्गत आवश्यक नियम एवं शर्तें//**

शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर, बालक–बालिका छात्रावास तथा आवासीय परिसर एवं संस्थान की आवश्यकतानुसार अन्य स्थलों व कार्यालय में की सफाई सेवाऐं (House keeping Services) हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आंमत्रित किया जा रहा है, जिसके आवश्यक नियम एवं शर्त निम्नानुसार है–

1. **अमानत राशि** :– निविदा के अंतर्गत प्री–क्वालिफिकेशन दस्तावेजों के साथ अमानत राशि रू. **02 लाख** की डिमांड ड्राफ्ट, "प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" के नाम पर हो एवं जो भारतीय स्टेट बैंक अथवा अनुसूचित बैंकों जारी किया गया हो, तैयार कर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। डीडी की फोटो स्केन कर दस्तावेज के साथ संलग्न करें। डीडी की मूलप्रति निविदा खोलने की तिथि के पूर्व जमा करना अनिवार्य है। कार्यालय में निविदा की अंतिम तिथि को प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तुत अमानत राशि रोककर शेष असफल निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत अमानत राशि 01 माह में वापस कर दिया जावेगा।
2. **सुरक्षा निधि** : निविदा में पात्र सेवा प्रदाता को शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर,(छ.ग.) के लिए कार्य–आदेश जारी करने के पूर्व सुरक्षा निधि कुल क्रय मूल्य का **05 प्रतिशत राशि** की डिमांड ड्राफ्ट, जो पंजाब नेशनल बैंक से जारी किया गया हो, "प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" के नाम पर तैयार कर संबंधित संस्थान में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा निधि सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने के 03 महीने पश्चात वापस कर दिया जावेगा।
3. सेवा प्रदाता द्वारा शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) हेतु अनुलग्न–01 में दर्शित एवं अनुबंध अनुसार निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी प्रदाय करना अनिवार्य है। आवश्यकतानुसार महिला एवं पुरूष कर्मचारीयों की संख्या अनुपातिक रूप से रखी जायेगी। सफाई कर्मचारी की संख्या में आवश्यकतानुसार 25 प्रतिशत की कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है। नियुक्त समस्त कर्मचारियों का स्वस्थ्य होना एवं हिन्दी, क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान और शिष्ट होना अनिवार्य है।
4. सफाई सेवाऐं हेतु निविदा की वैधता अवधि अनुबंध निष्पादित दिनांक से आगामी 01 वर्ष एवं अनुमोदन उपरांत अधिकतम 02 वर्ष के लिए वैध रहेगा। प्राचार्य, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के निर्णय उपरांत आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि बढ़ाई जा सकती है।
5. सेवा प्रदाता द्वारा अनुबंध अनुसार सफाई सेवाऐं कार्य का संपादन, संतोषजनक नहीं पाये जाने पर प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा संबंधित सेवा प्रदाता को 01 माह पूर्व सूचना देकर अनुबंध समाप्त कर दिया जावेगा एवं निविदा में प्रस्तुत सुरक्षा निधि राजसात कर काली सूची में शामिल करने की कार्यवाही की जावेगी एवं असंतोषजनक कार्य का उल्लेख संबंधित के अनुभव प्रमाण पत्र में किया जावेगा।
6. सेवा प्रदाता द्वारा अनुबंध के तहत् अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित सफाई कर्मचारी प्रदाय करते हुए, कर्मचारी को निर्धारित पोशाक, आई.डी. कार्ड, मास्क, हैण्ड ग्लब्स, इत्यादि किट सहित तैनात किया जाना अनिवार्य है। जिस पर होने वाले व्यय का वहन निविदादाता द्वारा किया जावेगा।
7. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मियों को चैम्बर जॉम, ओ.टी., आई.सी.यू. प्रयोगशाला, इत्यादि की साफ–सफाई हेतु प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।

8. सफल निविदादाता द्वारा तैनात सफाई कर्मियों को मेडिकल फिटनेश प्रमाणपत्र, पुलिस चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज, वैध आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो सहित बायोडाटा **अनुलग्न–03** अनुसार उन्हें कार्य में लिये जाने के 15 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य है एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर व्यक्ति को कार्य पर नहीं रखा जावेगा, इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होगी।
9. सफल निविदादाता द्वारा तैनात सफाई कर्मी को हटाकर किसी अन्य व्यक्ति को नियोजित किया जाता है तो इसकी सूचना संस्थानुसार प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर,(छ.ग.) को दिया जाना अनिवार्य होगा। प्रतिस्थापित सफाई कर्मी को बिन्दु क्रमांक 08 में उल्लेखित शर्तों के अनुसार रखा जावेगा।
10. प्रत्येक सफाईकर्मी को सेवा प्रदाता द्वारा फोटो पहचान पत्र जारी किया जावेगा तथा फोटो पहचान पत्र ऐसे प्रारूप में जारी किया जाएगा जैसा कि क्रेता संगठन द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
11. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात किए जाने वाले सफाईकर्मी को इस संस्थान द्वारा अनुबंध के अंतर्गत परिसर में 02 से 03 दिवस के लिए सफाई सेवाएँ हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदाय किया जावेगा तथा इस अवधि को अनुबंध के अंतर्गत भुगतान हेतु सेवा अवधि के रूप में गणना नहीं किया जाएगा।
12. चिकित्सकीय विभाग, ओ.टी., आई.सी.यू., प्रयोगशाला में पदस्थ किये जाने वाले सफाई कर्मचारियों का स्थान परिवर्तन न्यूनतम किया जाना होगा।
13. सभी सफाई कर्मचारी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधीकतम 50 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। सफाई कर्मचारी का आचरण अच्छा एवं प्रशिक्षित होना चाहिए। आवश्यक स्थानों पर महिला सफाई कर्मचारी तैनात करना अनिवार्य होगा। सफाई कर्मचारियों का आचरण अच्छा एवं कार्य में प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। सेवा प्रदाता केवल ऐसे मानव शक्ति को नियुक्त करेगी, जिसने अपने चरित्र के बारे में सेवा प्रदाता को संतुष्ट कर दिया हो।
14. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात किये जाने वाले सफाई कर्मचारी के रूप में स्थानीय/छत्तीसगढ़ राज्य के व्यक्तियों को प्राथमिकता देना अनिवार्य होगा।
15. सेवा प्रदाता द्वारा अपने सफाई कर्मियों के अभिलेख जैसे–उपस्थिति पत्रक, अवकाश संबंधी अभिलेख, वेतन पर्ची इत्यादि का लेखा–जोखा रखना अनिवार्य है, जो आवश्यक होने पर शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) को निरीक्षण/जांच के लिए उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
16. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात समस्त सफाई कर्मी के उपस्थिति हेतु "बायोमेट्रीक अटेंडेंस डिवाईस" का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा एवं उक्त बायोमेट्रीक अटेंडेंस डिवाईस उपस्थिति पत्रक अनुसार ही सेवा प्रदाता को भुगतान किया जावेगा। उक्त बायोमेट्रीक अटेंडेंस डिवाईस सेवा प्रदाता द्वारा स्वयं के व्यय पर संस्था प्रमुख द्वारा महाविद्यालय के चिन्हित स्थानों पर लगाया जाना होगा, जिसका संपूर्ण नियंत्रण क्रेता कार्यालय के पास होगा।
17. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात समस्त सफाई कर्मी की उपस्थिति दर्ज किए गए बायोमेट्रीक उपस्थिति पत्रक एवं दैनिक उपस्थिति रजिस्टर को शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के अधीनस्थ सफाई शाखा के प्रभारी अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य है और इसे मजदूरी/वेतन भुगतान के लिए अंतिम अभिलेख/रिकार्ड माना जाएगा।
18. सेवा प्रदाता द्वारा नियोजित सफाईकर्मी की अनुपस्थिति में उस दिवस को बिना बेतन की छुट्टी (LWP) के रूप में माना जावेगा एवं सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत देयक की राशि में क्रेता द्वारा आवश्यक कटौती की जाएगी।
19. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात समस्त सफाईकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय अनुबंध अनुसार सभी आवश्यक नियम एवं शर्तों का पालन करेंगे तथा समस्त आवश्यक सावधानी बरतते हुए, उचित एवं विवेकपूर्ण कार्य और समस्त जनों से शिष्टतापूर्ण व्यवहार करेंगे।

20. सेवा प्रदाता को अपने अधीनस्थ सफाई कर्मचारियों को वेतन भुगतान उनके बैंक खाते के माध्यम से किया जाना है। जिसमें से EPF, ESIC के कर्मचारी अंश को संबंधित कर्मचारी के EPF, ESIC खाते मे जमा करते हुए शेष वेतन का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाना अनिवार्य है एवं Challan & Confirmation of Payment की सत्यापित छायाप्रति देयक के साथ जमा करना अनिवार्य है।

21. सेवा प्रदाता को अनुबंध के तहत अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों को पूरा करने के लिए समय–समय पर लगने वाले आवश्यक वैध प्रमाण पत्र इत्यादि संबंधित शासकीय अधिकारियों से प्राप्त कर इस संस्था में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदादाता न्यूनतम मजदूरी, करों एवं ई.पी.एफ. ई.एस.आई.सी. के भुगतान तथा अन्य वैधानिक आवश्यकताओं, समय–समय पर समस्त आर्थिक दायित्वों के पालन के लिए जिम्मेदार होगा। सेवा प्रदाता के किसी भी विफलता के लिए, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा तथा विफलता के लिए महाविद्यालय द्वारा दण्डित किया जा सकता है एवं विफलता का समाधान भी सेवा प्रदाता को ही स्वयं करना होगा।

22. सेवा प्रदाता को महाविद्यालय द्वारा जारी किए गए समस्त निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

23. सेवा प्रदाता द्वारा सफाई कर्मचारियों को यदि प्रतिमाह वेतन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. का भुगतान नहीं किया जाता है तो संबंधित सेवा प्रदाता फर्म से जुर्माना लिया जावेगा एवं उनके द्वारा जमा सुरक्षा निधि राजसात करते हुए काली सूची में शामिल कर, अनुभव प्रमाण पत्र में इसका उल्लेख किया जावेगा एवं कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

24. निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत न्यूनतम दर प्रदायकर्ता फर्म से अनुबंध निष्पादित कर दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के पश्चात् ही "शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" हेतु कार्य–आदेश जारी किया जावेगा एवं जारी कार्य–आदेशानुसार माह के प्रथम 07 दिवस के भीतर देयक, "प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" के नाम से तैयार कर प्रति माह प्रस्तुत किया जाना होगा। प्रस्तुत देयक के साथ पिछले माह के वेतन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. भुगतान की पुष्टि के रसीद/चालान की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

25. सेवा प्रदाता को "शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" कार्यालय द्वारा किसी कारणवश समय पर भुगतान प्राप्त नहीं होता है तो ऐसी परिस्थिति में सेवा प्रदाता को उनके द्वारा नियोजित कर्मी को प्रति माह प्रथम सप्ताह के भीतर समय पर भुगतान करना अनिवार्य है।

26. कार्य प्रारंभ के प्रथम माह के वेतन देयक को छोड़कर आगामी माह का वेतन देयक प्रस्तुत करते समय सफाई–कर्मियों को पूर्व महीने में किए गए भुगतान की जानकारी निम्नानुसार सारणी में आवश्यक जानकारी सहित अनिवार्यतः प्रस्तुत करना है –

| क्रं. | कर्मचारी का नाम | पिता का नाम | बैंक शाखा का नाम | खाता क्रमांक | भुगतान किये जाने वाले कुल वेतन | कटौती का विवरण (EPF) | | कटौती का विवरण (ESIC) | | खाते में जमा किए जाने वाले वेतन [06-(07+09)] | सेवा प्रदाता को इस कार्यालय द्वारा भुगतान की गई जीएसटी राशि के भुगतान के चालान की प्रति जमा करना होगा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | कर्मचारी का अंशदान 12 % | नियोक्ता का अंशदान EPF: 3.67 % EPS: 8.33% EPF Admin Charge : 0.5% EDLI : 0.5% | कर्मचारी का अंशदान 0.75 % | नियोक्ता का अंशदान 3.25 % | | |
| *01* | *02* | *03* | *04* | *05* | *06* | *07* | *08* | *09* | *10* | *11* | *12* |

27. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों को 08 घण्टें की पाली में (भोजन अवकाश सहित) काम किया जाना है एवं कार्यरत समस्त कर्मचारियों को श्रम नियमानुसार साप्ताहिक अवकाश की पात्रता होगी, आवश्यकतानुसार पाली के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

28. निविदादाता को तैनात सफाई कर्मचारियों के माध्यम से दिन में कम से कम चार बार बाथरूम एरिया की साफ–सफाई कराई जानी आवश्यक होगी । साथ ही महाविद्यालय के निर्देशानुसार, तय किये गये

29. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर यथासंशोधित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार कर्मचारी को नियोजित करना एवं मजदूरी/वेतन भुगतान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। विभिन्न श्रम और अन्य कानूनों में निर्दिष्ट सभी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना अनिवार्य है।

30. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों को विभिन्न वर्ग के लिए न्यूनतम मासिक मजदूरी/वेतन का भुगतान कार्यालय, श्रमायुक्त जिला–रायपुर (छ.ग.) द्वारा निर्धारित " जोन 'अ' " एवं श्रमिकों के वर्ग अनुसार देय होगा, जिसका पुनरीक्षण समय–समय पर कार्यालय, श्रमायुक्त जिला–रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी आदेशों के अधीन होगा तथा उक्त दर पर ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. का शासन द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान किया जावेगा। सफाईकर्मी को भुगतान न होने संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायत प्राप्त होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होगी।

31. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मी अनुबंध की अवधि के दौरान या उसके बाद नियमित/स्थायी कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं का दावा नहीं करेंगे और न ही इसके हकदार होंगे। सफाई कर्मी या उसके द्वारा दी जाने वाली सेवा के कारण, उस समय लागू किसी भी नियम या किसी अन्य कानून के उल्लंघन के लिए, क्रेता कार्यालय किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। कर्मचारी और सेवा प्रदाता दोनों ही वर्तमान एवं समय–समय पर लागू समस्त प्रासंगिक नियमों और विनियमों का पालन करेंगे तथा सभी कानूनों/अधिनियमों/नियमों के अनुपालन का दायित्व केवल सेवा प्रदाता का होगा।

32. सफाई कर्मियों द्वारा परिसर में तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब इत्यादि मादक पदार्थों का सेवन करना पूर्णतः निषेध है ।

33. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, हिंसा, नशीले पदार्थ (तंबाकु, गुटखा, सिगरेट, शराब इत्यादि) का सेवन, अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राओं, मरीज एवं उनके परिजन से दुर्व्यवहार, असामाजिक कृत्य करते पाये जाने पर संबंधित सफाई कर्मी को तत्काल हटाना अनिवार्य होगा एवं सफाईकर्मी द्वारा किये गये गलत कृत्यों हेतु वे स्वयं एवं सेवा प्रदाता स्वयं जिम्मेंदार होंगे।

34. सफाई कर्मी कर्तव्य के दौरान पूर्णतः सावधानी पूर्वक कार्य का निर्वहन करेगा एवं इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होगी।

35. सेवा प्रदाता द्वारा नियोजित सफाई कर्मचारी किसी भी कर्मचारी संघ/एसोसिएशन, हड़ताल, धरना प्रदर्शन, नारे–बाजी, गुटबाजी इत्यादि में शामिल/भाग नहीं लेगें। संबंधित कार्यो से उत्पन्न होने वाली किसी समस्या के निवारण हेतु पहले सेवा प्रदाता अपने स्तर पर तद्पश्चात संबंधित प्रभारी अधिकारी–सफाई से संपर्क किया जाना होगा। वाद–विवाद की स्थिति में सेवा प्रदाता का सुपरवाईजर एवं प्रभारी अधिकारी, संस्था प्रमुख के समक्ष उचित माध्यम से अपनी समस्या रख सकते है। सफाई कर्मी सीधे तौर पर महाविद्यालय के किसी भी अधिकारी–कर्मचारी/चिकित्सक/प्राचार्य के समक्ष अपनी समस्या नहीं रखेंगे।

36. सेवा प्रदाता, महिला/पुरूष सफाईकर्मी की आवश्यकतानुसार (50–50 प्रतिशत) आपूर्ति करेगा। "प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" को सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मी की संख्या में आवश्यकतानुसार 25 प्रतिशत तक की वृद्धि एवं कमी किया जा सकता है। मैनपॉवर की तैनाती में किसी भी बदलाव की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा पूर्व लिखित सूचना दी जाएगी एवं प्राप्त लिखित सूचना के 02 से 03 दिवस के भीतर आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

37. सफाईकर्मी को कर्तव्य के दौरान आई.डी. कार्ड को गले में पहन कर रखना अनिवार्य होगा एवं सफाई कर्मी द्वारा सेवा छोड़ने, उनको सेवा से हटाने/निष्कासित करने पर आई.डी. कार्ड को जब्त करने की समस्त जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होगी एवं इसकी सूचना महाविद्यालय को करना अनिवार्य है।

38. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, हिंसा, नशीले पदार्थ का सेवन, अधिकारी/कर्मचारी, छात्र–छात्राओं, मरीज एवं उनके परिजन से दुर्व्यवहार, असामाजिक कृत्य करते पाये जाने पर संबंधित सफाई कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाना अनिवार्य होगा एवं उसकी समस्त जिम्मेदारी/जवाबदेही निविदादाता की होगी।

39. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात किये जाने वाले सफाई कर्मचारियों को साफ–सफाई से संबंधित मशीनें जैसे राईड ऑन स्क्रबर, जेट प्रेशर, वैक्यूम क्लीनर इत्यादि मशीनों को संचालन की जानकारी होना चाहिए ताकि आवश्यकतानुसार उसका उपयोग किया जा सके।

40. सेवा प्रदाता द्वारा रिकार्ड हेतु उपयोग में लाये जाने वाले समस्त रजिस्टर, रिकार्ड, शासकीय कार्य/आडिट इत्यादि के लिए आवश्यकता होने पर शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के अधिकारियों को सफल निविदादाता द्वारा विधिवत प्रमाणित प्रति, निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। यदि सेवा प्रदाता के रिकार्ड/अभिलेखों में कुछ कमियॉं पायी जाती है तथा कमियों का निराकरण हेतु महाविद्यालय के प्राधिकारी द्वारा निर्देश दिया जाता है तो सेवा प्रदाता को समय–सीमा पर वैधानिक आवश्यकता का पालन करना होगा।

41. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों को किए गए अग्रिम भुगतान/कटौती के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में शासकीय दंत चिकि. महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. का कोई दायित्व नहीं होगा, संपूर्ण जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का मौखिक या लिखित पत्राचार पर महाविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

42. माह के कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर देयक में से आवश्यकतानुसार कटौती किया जावेगा, जिसके लिए निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

43. सफाई कर्मी के अवकाश/अनुपस्थित होने की स्थिति में एजेंसी ऐसी अनुपस्थिति की भरपाई के लिए उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। ऐसी परिस्थिति में सेवा प्रदाता अवकाश में रहने वाले सफाई कर्मी के स्थान पर रिजर्व सफाई कर्मी प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। इसके लिए अलग से भुगतान नहीं किया जावेगा।

44. सेवा प्रदाता द्वारा स्वयं के व्यय पर 03 सफाई सुपरवाईजर प्रदाय करना होगा जो महाविद्यालय/ चिकित्सालय भवन एवं परिसर में सफाईकर्मियों की ड्यूटी रोस्टर अनुसार उपलब्धता, तैनाती और सुचारू सुनिश्चित करेगा एवं सफाईकर्मी द्वारा दी जाने वाली सेवाऍं/कर्तव्यों की प्रतिदिन निगरानी करेगा एवं जानकारी सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि को देगा। सफाई सुपरवाईजर द्वारा महाविद्यालय के प्रत्येक तल के समस्त एरिया, प्रत्येक ब्लॉक/विभाग तथा बाथरूम–टॉयलेट्स के साफ–सफाई एवं झाडू–पोछा पश्चात प्रतिवेदन उक्त तल में स्थित विभाग के संबंधित विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं तत्संबंध में लॉग बुक का संधारण कर उस तल के विभाग के विभागाध्यक्ष से हस्ताक्षर लिया जाना सुनिश्चित करेगा।

45. सेवा प्रदाता के वरिष्ठ स्तर का एक प्रतिनिधि, महाविद्यालय एवं परिसर में सफाईकर्मी की तैनाती संबंधी साप्ताहिक/मासिक ड्यूटी रोस्टर तैयार कर उपलब्ध करायेगा एवं सफाई कर्मी द्वारा दी जाने वाली सेवाऍं/कर्तव्यों की निगरानी कर समीक्षा करेगा तथा इस संबंध में प्राचार्य, शा. दन्त चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से चर्चा, वार्ता कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा एवं सफाईकर्मी द्वारा दी जाने वाली सेवाऍं/कर्तव्यों में यदि कोई कमियॉं पाई जाती है तो उसका निराकरण करेगा।

46. सेवा प्रदाता को कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना के अंतर्गत दिए गए समस्त निर्देशों का पालन करना होगा।

47. कार्यादेश जारी पश्चात सेवा प्रदाता द्वारा कार्य करने से अस्वीकार किया जाता है तो, उनके द्वारा जमा सुरक्षा निधि राजसात कर काली सूची में शामिल करने की कार्यवाही की जाएगी।

48. सेवा प्रदाता विभिन्न कानूनों/अधिनियमों/नियमों का अनुपालन (जो लागू हो) सुनिश्चित करेगा, जिसमें निम्नलिखित एवं उनके पुनः अधिनियम/संशोधन शामिल है लेकिन इन्ही तक सीमित नहीं है :–
    1. मजदूरी अधिनियम 1936 का भुगतान
    2. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952
    3. अनुबंध श्रम (विनियमन) अधिनियम 1970
    4. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948
    5. बाल रोजगार अधिनियम 1938
    6. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948
    7. विधि विरूद्ध किया कलाप (निवारण) अधिनियम,1967
    8. अन्य आवश्यक समस्त सुसंगत कानून, अधिनियम और नियम
49. सेवा प्रदाता द्वारा निविदा के अंतर्गत प्रस्तुत समस्त दस्तावेज एवं अनुज्ञप्ति/लाइसेंस जीवित (वैध) होना अनिवार्य है। दस्तावेज एवं अनुज्ञप्ति/लाइसेंस की वैधता, अनुबंध अवधि में समाप्त होती है तो, समाप्ति के अगले दिवस नवीनीकरण दस्तावेज एवं लाईसेंस इस संस्थान को उपलब्ध कराना अनिवार्य है अन्यथा आदेश एवं अनुबंध निरस्त माना जावेगा एवं जमा सुरक्षानिधि राजसात करते हुए काली सूची में शामिल करने की कार्यवाही की जाएगी।
50. आमंत्रित निविदा को प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा बिना कोई कारण बताये किसी भी समय निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं तत्संबंध में निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
51. कार्यालय द्वारा निविदा में दर्शाये गए नियम एवं शर्त तथा जेम पोर्टल के नियम एवं शर्त के बीच भिन्नता की स्थिति होती है तो इस कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों को अधिमान्यता दी जावेगी।
52. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में "प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)" का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
53. न्यायालयीन वाद–विवाद की स्थिति में प्रकरण जिला–रायपुर (छ.ग.) न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।
54. निविदा के अंतर्गत तकनीकी एवं फाईनेंसियल बिड में असफल सेवा प्रदाता को किसी भी प्रकार का पत्राचार एवं उनके द्वारा प्रेषित पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
55. सेवा प्रदाता फर्म के पास कानूनी दर्जा होना चाहिए, चाहे वह कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत स्वामित्व फर्म/साझेदारी फर्म/कंपनी हो, कानूनी इकाई हो, ऐसी गतिविधि करने के लिए सभी वैधानिक लाईसेंस/पंजीकरण हो एवं आयकर के लिए पंजीकरण हो।
56. सेवा प्रदाता को जैम पोर्टल में निविदा जारी होने के पूर्व का वैध श्रम अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
57. सेवा प्रदाता को श्रम नियमों का पूर्णतः पालन करना होगा। किसी भी परिस्थिति में बाल श्रमिक स्वीकार नहीं होगा।
58. लेबर लॉ, टैक्सेस, आयकर, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., किसी भी प्रकार के पुलिस प्रकरण इत्यादि के लिए निविदादाता जिम्मेदार होगा।
59. सेवा प्रदाता द्वारा श्रम एवं सामग्री की आवश्यकता के आंकलन/अवलोकन एवं कार्य को प्रभावित करने वाले अन्य मामलों के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने हेतु शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) का पूर्व निरीक्षण किया जा सकता हैं। कार्यस्थल का निरीक्षण करने हेतु संस्था को सूचित करना एवं अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।
60. प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), को सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/प्रमाण पत्र/जानकारी/विवरण को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करने/कराने का संपूर्ण अधिकार होगा।



File No. GENS-11/4519/2025-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 150492)
Generated from eOffice by Shailendra Das, CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 18/11/2025 03:48

61. प्राचार्य, शा. दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. की पूर्व लिखित सहमति के बिना, अनुबंध या उसके किसी भी प्रावधान या निविदा से संबंधित किसी भी जानकारी का प्रकटीकरण, सेवा प्रदाता द्वारा उनके अधिकृत व्यक्ति के अलावा किसी अन्य फर्म/कंपनी/एजेंसी को नहीं करेगा।

62. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाईकर्मी/सुपरवाईजर द्वारा लापरवाही बरतने या सेवा में कोई कमी पाये जाने की स्थिति में, प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के पास अनुबंध को तत्काल समाप्त करने अथवा कोई अन्य कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

63. सेवा प्रदाता द्वारा सफाई कर्मियों को सेवा में रखे जाने के पूर्व पुलिस रिकार्ड/पूर्ववृत्त का सत्यापन स्थानीय पुलिस प्राधिकरण से कराया जाएगा तत्पश्चात विपरीत टिप्पणी होने पर तत्काल सेवा से पृथक किया जावेगा।

64. क्रेता विभाग, सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त किसी भी व्यक्ति को कार्य/कर्तव्यों के निष्पादन के दौरान होने वाली किसी भी वित्तीय हानि या शारीरिक क्षति/चोट के लिए या किसी भी मुआवजे के भुगतान के लिए, जिम्मेदार नहीं होगा।

65. यदि सेवा प्रदाता द्वारा मासिक देयक प्रस्तुत करने में निर्धारित अंतिम दिन से 15 दिन से अधिक का विलंब किया जाता है जिसमें सेवाएं प्रदान की गई हैं, तो कर प्राधिकारियों को ब्याज/जुर्मानें के भुगतान का संपूर्ण दायित्व संबंधित सेवा प्रदाता द्वारा वहन की जाएगी।

66. सेवा प्रदाता को, सफाई सेवाओं के लिए न्यूनतम सेवा शुल्क 01 प्रतिशत निर्धारित किया गया है एवं सेवा शुल्क का प्रतिशत पूर्णांक में होगा।

67. सेवा प्रदाता द्वारा तैनात सफाईकर्मी के संबंध में कोई भी चिकित्सा सुविधा या प्रतिपूर्ति या किसी भी प्रकार के चिकित्सा/अग्रिम दावे महाविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

68. निविदा में भाग लेने वाले दो या दो से अधिक फर्म/एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दर एक-समान पाया जाता है, तो L-1 दर का निर्धारण जेम पोर्टल में उल्लेखित प्रक्रिया Run L-1 Selection के माध्यम से किया जावेगा।

69. निविदा में पात्र सेवा प्रदाता द्वारा सुरक्षा निधि जमा करने पश्चात ही संबंधित फर्म से सफाई सेवाऐं (House keeping Services ) हेतु अनुबंध निष्पादित किया जावेगा।

70. सेवा प्रदाता को "शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर,(छ.ग.)" में सफाई व्यवस्था (House keeping Services) हेतु जारी कार्य-आदेश के पूर्व राशि रू. 100 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से अभिप्रमाणित "दर/कार्य, अनुबंध" इस कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

71. सफल निविदादाता द्वारा दी जाने वाली सेवाऍ के विरूद्ध प्रस्तुत देयक भुगतान की गणना का विवरण निम्नानुसार किया जावेगा :-

1. **न्यूनतम मजदूरी/पारिश्रमिक** :- कार्यालय, श्रमायुक्त, जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा निर्धारित "जोन 'अ' " एवं श्रमिकों के वर्ग अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति माह अनुसार न्यूनतम मासिक वेतन/मजदूरी देय होगा तथा कार्यालय श्रमायुक्त, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा समय-समय पर जारी पुनरीक्षित आदेश अनुसार वेतन/मजदूरी देय होगा।
2. **ई.पी.एफ.** :- वर्तमान दर 12 प्रतिशत (नियोक्ता का अंशदान) एवं समय-समय पर शासन द्वारा लागू दर अनुसार देय होगा।
3. **ई.डी.एल.आई.** :- वर्तमान दर 0.5 प्रतिशत एवं समय-समय पर शासन द्वारा लागू दर अनुसार देय होगा।
4. **ई.पी.एफ. एडमिन चार्ज** :- वर्तमान दर 0.5 प्रतिशत एवं समय-समय पर शासन द्वारा लागू दर अनुसार देय होगा।
5. **ई.एस.आई.** :- वर्तमान दर 3.25 प्रतिशत (नियोक्ता का अंशदान) एवं समय-समय पर शासन द्वारा लागू दर अनुसार देय होगा।
6. **जी.एस.टी.** :- शासकीय नियमानुसार एवं समय-समय पर शासन द्वारा लागू दर अनुसार देय होगा।
7. **सर्विस चार्ज** :- न्यूनतम दर प्रदायकर्ता फर्म द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत सर्विस चार्ज अनुसार देय होगा।



File No. GENS-11/4519/2025-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 150492)
Generated from eOffice by Shailendra Das, CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 18/11/2025 03:48

72. **स्कोप ऑफ वर्क/कार्य–क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण :–**

शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) अधीनस्थ बालक–बालिका छात्रावास, महाविद्यालय परिसर, आवासीय परिसर व कार्यालय एवं संस्थान की आवश्यकतानुसार अन्य स्थलों (जैसे बरामदे, सीढ़ी, छत, बालकनी, पोर्च, गार्डन एरिया, मेस–किचन एरिया, कैंटिन एरिया, ओपन एरिया, टायलेट्स–बाथरूम्स, नालियॉं, सीवरेज पाईप्स लाईन, लैब्स, ओ.टी., क्लीनीकल एरिया, प्लेटफार्म, वॉश बेसिन इत्यादि एवं समय–समय पर साफ–सफाई से संबंधित सौंपे गये समस्त कार्य) की साफ–सफाई कार्य का सुचारू संचालन हेतु सफाई कर्मचारी प्रदान करते हेतु निम्नानुसार साफ–सफाई कार्य कराया जाना है :–

(ए) शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों एवं शाखाओं, परिसर (गार्डन, खुला मैदान, पार्किंग, सड़क इत्यादि) की साफ–सफाई सेवाएँ निम्नानुसार प्रदान करना होगा।

(01) प्रतिदिन साफ–सफाई कार्य : शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. के अधीनस्थ समस्त विभागों (ओरल मेडिसीन एंड रेडियोलॉजी, प्रोस्थोडोन्टिक्स, कंजरवेटिव, स्पेशल क्लीनिक, ओरल सर्जरी, आर्थोडोन्टिक्स, पीडोडोन्टिक्स, पेरियोडोन्टिक्स, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री, ओरल पैथेलॉजी विभाग इत्यादि), ओपीडी ब्लाक, लेक्चर हॉल, परीक्षा हॉल, प्रत्येक तल के विभागीय प्रशासकीय खंड, केन्द्रीय भंडार कक्ष, ग्रंथालय, बालक–बालिका छात्रावास, प्राचार्य कार्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त शाखा, एवं परिसर का प्रतिदिन साफ–सफाई कार्य निम्नानुसार किया जाना होगा :–

1.1 महाविद्यालय के अधीनस्थ समस्त विभाग, प्रशासनिक खण्ड कार्यालय के कक्षों, लेक्चर हॉल, परीक्षा कक्ष, भंडार कक्ष, ग्रंथालय, प्रशासकीय खंड, महाविद्यालय के प्रत्येक तल, प्राचार्य कार्यालय, आवासीय भवन एवं परिसर के फर्श की साफ–सफाई कार्य सुबह 7:00 AM से 8:00 AM बजे तक करना अनिवार्य है। बालक–बालिका छात्रावास, केन्द्रीय ग्रंथालय के फर्श की साफ–सफाई एवं झाडू–पोछा सुबह 9:00 AM बजे तक करना अनिवार्य है।

1.2 महाविद्यालय के अधीनस्थ समस्त विभाग, केन्द्रीय ग्रंथालय, प्रशासनिक खण्ड, लेक्चर हॉल, परीक्षा कक्ष, प्रदर्शक कक्ष, प्राचार्य कक्ष एवं कार्यालय के अंतर्गत आने वाले शाखाओं के टेबल, कुर्सी, पोडियम, बुक रैक, लॉकर, अलमीरा, स्टूल, इत्यादि फर्नीचर, खिड़की के शीशे, पर्दे, दरवाजें, स्वीच बोर्ड, पंखा, लाईट, नेम प्लेट, डोरमेट, अग्निशमन उपकरण, इत्यादि की साफ–सफाई झाडू–पोछा प्रतिदिन करना अनिवार्य है।

1.3 कॉमन वाशरूम/टॉयलेट, वाशबेसिन, नल, इत्यादि का प्रतिदिन चार बार साफ–सफाई किया जाना अनिवार्य होगा।

1.4 सीढ़ियों, केबिनों, लॉबी, रिसेप्शन, पेंट्री, गलियारे की छत, कार्यालयीन कक्ष, लेक्चर हॉल का साफ–सफाई प्रतिदिन कराया जाना अनिवार्य होगा।

1.5 समस्त कक्षों को झाडू–पोछा एवं कक्षों में स्थापित कुर्सियॉं, सोफा, इत्यादि का साफ–सफाई प्रतिदिन करना अनिवार्य है।

1.6 विभिन्न विभागों, प्रयोगशाला एवं अधीनस्थ अन्य क्षेत्रों में उपयोग में लाये जा रहे विभिन्न डस्टबिन से कचरों का मापदण्ड अनुसार निपटान कर, डस्टबिन को प्रतिदिन धोना होगा और निर्धारित बायोमेडिकल प्लास्टिक बैग के साथ कव्हर किया जाना अनिवार्य है। प्रतिदिन फर्श को फर्श–क्लीनर से अच्छी तरह पोछा एवं बायोमेडिकल वेस्ट के मापदण्ड अनुसार अलग–अलग कर साफ–सफाई किया जाना अनिवार्य है।

1.7 महाविद्यालय के अधीनस्थ समस्त विभाग, प्राचार्य कक्ष एवं कार्यालय के समस्त शाखाओं, केन्द्रीय भंडार, ग्रंथालय, प्रशासनिक खण्ड के समस्त कक्षों के कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यू.पी.एस., फोटोकॉपी मशीन, फोन इत्यादि कार्यालयीन मशीनों को नियमित रूप से सूखा कपड़ा में साफ–सफाई किया जाना अनिवार्य है। टेबल ग्लास की सफाई, साफ–सुथरे कपड़े का उपयोग कर आवश्यक लिक्विड/कोलिन का उपयोग कर किया जाना होगा, जिससे कोई दाग–धब्बे ना दिखें।

1.8 कूड़ादान, रद्दी कागज, मकड़ी के जाले इत्यादि की साफ–सफाई एवं समस्त एकत्रित कचरों का मापदण्ड अनुसार निपटान नियमित रूप से करना अनिवार्य है एवं कूड़ादान/डस्टबीन की नियमित अंतराल में धुलाई किया जाना अनिवार्य है।



File No. GENS-11/4519/2025-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 150492)
Generated from eOffice by Shailendra Das, CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 18/11/2025 03:48

1.9 महाविद्यालय के अधीनस्थ समस्त तलों, प्रशासनिक खण्ड के समस्त वॉशरूम, वॉशबेसिन, वेस्ट पाईप, यूरिनल पॉट, टॉयलेट शीट, सिंक, सिस्टर्न हैण्डल, दर्पण, ग्लास सेल्फ, टॉवेल हैण्डल, नल इत्यादि की अच्छी तरह ब्रश से साफ–सफाई एवं कीटाणु रहित करना अनिवार्य है।

1.10 शौचालय के सेनेटरी फिटिंग, टॉयलेट, ड्रेन पाइप इत्यादि की मानक साफ–सफाई करना अनिवार्य है।

1.11 कार्यालय बंद होने के पूर्व भी सूखा पोछा किया जाना अनिवार्य होगा।

1.12 महाविद्यालय के मुख्य द्वार/ओपीडी एरिया पर स्थित समस्त फर्नीचर की साफ–सफाई करना अनिवार्य है एवं मुख्य द्वार एवं मुख्य द्वार के ऊपर लगे शीशे, दीवारों की प्रतिदिन साफ–सफाई करना अनिवार्य है।

1.13 निविदादाता द्वारा अपने योग्य सफाईकर्मियों के माध्यम से, ऐसे सफाई के कार्य जो सामान्य सफाई के कार्य से दुरूह/कठिन प्रकृति (जैसे उंचाई पर लगे कांच के शीशे/उंचाई पर लगे जाले इत्यादि) के हैं, उनकी सफाई, रविवार के अतिरिक्त माह में पड़ने वाले अन्य सामान्य/शासकीय अवकाश दिवस पर नियमित तौर पर प्रभारी अधिकारी से निर्देश/मार्गदर्शन प्राप्त कर करना होगा, जिससे बिना कोई शासकीय कार्य प्रभावित हुये, सुचारू सफाई का कार्य संपादन सुनिश्चित हो सके।

1.14 महाविद्यालय भवन में स्थित लिफ्ट मशीन की साफ–सफाई प्रतिदिन करना अनिवार्य होगा।

1.15 प्राचार्य कार्यालय, शाखाओं, विभागों, आवासीय भवन के परिसर के दीवारों, गैलरी, छत, सीढ़ियों, रैलिंग, की साफ–सफाई, दीवारों पर लगे धाग–धब्बे की सफाई प्रतिदिन करना अनिवार्य है।

1.16 साफ–सफाई के दौरान निकलने वाले कूड़ा–कचरा को प्रतिदिन एकत्रित करना एवं पर्यावरण मापदण्ड अनुसार निर्दिष्ट स्थान पर निपटान करना अनिवार्य है।

1.17 समस्त वाशरूम, वाश–बेसिन, टायलेट का प्रतिदिन साफ–सफाई एवं झाडू पोछा किया जाना अनिवार्य होगा एवं परिसर के नालियों की प्रतिदिन साफ–सफाई करना अनिवार्य है।

1.18 समस्त भवनों की गैलरी एवं सीढ़ियों का प्रतिदिन साफ–सफाई, झाड़ू–पोछा करना अनिवार्य है।

1.19 समस्त कक्षों, वाशरूम, का साफ–सफाई एवं झाडू–पोछा करने पश्चात प्रतिवेदन संबंधित विभाग/तल के विभागाध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि को प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं तत्संबंध में लॉग बुक का संधारण कर उस विभाग/तल के विभागाध्यक्ष अथवा प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराया जाना सुनिश्चित करेगा।

1.20 प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) अथवा प्रतिनिधि द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्यों का निर्वहन करना अनिवार्य होगा।

1.21 महाविद्यालय परिसर के उद्यान क्षेत्र का रखरखाव एवं हरियाली हेतु उचित प्रबंधन करना ।

